तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

### सरोज पाण्डेय की नामांकन रैली, सभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# कांग्रेस नहीं खोल पाएगी खाता भाजपा जीतेगी सभी 11 सीटः साय



घंटाघर स्थित ओपन ऑडिटोरियम में लोगों का अभिवादन करतीं सुश्री सरोज पांडेय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम सांय-सांय हो रहा है। भाजपा के लिए हर एक सीट अहम है, हम प्रदेश की सभी 11 सीटों पर जीत का परचम लहराएंगे। कांग्रेस को इस बार खाता खोलने का भी मौका नहीं मिलेगा। चुनाव के बाद विकास कार्यों में और तेजी देखने को मिलेगी। कोरबा को ऐसी अनुभवी प्रत्याशी मिली है, जिसने महापौर, विधायक और सांसद के पद का निर्वहन किया है। उनके नेतृत्व में पूरी लोकसभा का चहुंमुखी विकास होगा। अब तक इस लोकसभा में जो कार्य अधूरे थे वे सभी कार्य पूरे किए जाएंगे।

उक्त बातें कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के नामांकन दाखिले के दौरान घंटाघर में आयोजित आम सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णदेव साय ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने केवल भ्रष्टाचार ही किया है। इस भ्रष्टाचार में जिनकी सहभागिता रही वे सभी अधिकारी जेल में हैं, उन्हें बेल भी नहीं मिल रही है। कांग्रेस के नेता बौखलाहट में अनर्गल बयान दे रहे हैं। हमारी आदिवासी समाज की बहन द्रौपदी मुर्मू आज देश के सर्वोच्च पद पर बैठी हैं। आदिवासी समाज की चिंता सिर्फ बीजेपी ही करती है। जनता कांग्रेस की बातों में ना आए, बीजेपी जब तक राजनीति में है आरक्षण खत्म नहीं होगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विधानसभा में आशीर्वाद देने के लिए कोरबा और प्रदेश की जनता का धन्यवाद, अब यह लोकसभा चुनाव भी काफी अहम चुनाव है।

यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।आमसभा को संबोधित करते हुए कोरबा लोकसभा की प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय कहा कि पट्टा देने के नाम से कांग्रेस सिर्फ लटकाने और भ्रमित करने का काम करती है। जहां एनटीपीसी है एसईसीएल है, झुग्गी झोपड़ी है वहां बीजेपी पट्टा देने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि कोरबा की सांसद ज्योत्सना महंत कहती हैं कि कांग्रेस के लोग भ्रष्टाचार करते हैं, लेकिन मैं नहीं करती हूं। अगर कांग्रेस की ही सांसद यह कह रही हैं तो आप समझ सकते हैं कांग्रेस में भ्रष्टाचार कितना हावी है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरूण साव, उद्योग मंत्री ⏭ शेष पेज 3 पर

### आदिवासी लाभार्थी महिला श्याम बाई बनीं सरोज की प्रस्तावक



लोकसभा क्षेत्र कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडे ने गुरुवार को अपना नामांकन दाखिल किया। तीन सेट में उन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया है। शासन की योजनाओं की लाभार्थी आदिवासी महिला श्याम बाई सिदार उनकी प्रस्तावक बनीं हैं। श्याम बाई कोरबा के आरा मशीन मोहल्ला स्थित पीएम आवास की निवासी हैं। इसके अलावा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं कटघोरा के विधायक प्रेमचंद पटेल भी प्रस्तावक बने हैं।








# विक्रम के जन्मदिन पर फैंस को मिला तोहफा...

**मुंबई।** 'चियान' विक्रम मौजूदा समय में भारतीय सिनेमा के सबसे होनाहर एक्टर्स में हैं। 17 अप्रैल 1986 को चेन्नई में पैदा हुए विक्रम बुधवार को 57 साल के हो गए हैं। मूल रूप से तमिल फिल्मों में काम करने वाले इस सुपरस्टार की अपकमिंग फिल्म 'थंगालन' बीते कई महीनों से चर्चा में है। फिल्म का टीजर रिलीज हो चुका है और किरदार के लिए उनके लुक और ट्रांसफॉर्मेशन को देख हर कोई हैरान है। बुधवार को एक्टर के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने इस फिल्म से एक और वीडियो रिलीज किया है। 49 सेकेंड के इस वीडियों में थंगालन बने विक्रम एक बार फिर आंखों से होते हुए रूह में उतर जाते हैं।

## लाइफ Style



# जान्हवी

## गद्दारी की कीमत जान से चुकाई जा सकती है

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी कपूर की नई फिल्म 'उलझ' का टीजर रिलीज हो गया है, जो काफी इंगेजिंग है। फिल्म में जान्हवी के युवा आईएफएस अफसर सुहाना के रोल में हैं। फिल्म में गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी हैं।

जान्हवी एक ऐसी युवा अफसर बनी हैं, जो गद्दारी, धोखे और वफादारी के जाल के बीच अपने वतन के लिए देशभक्ति साबित करने में लगी हैं। लेकिन इस चक्कर में वह बुरी तरह फंस जाती हैं। उलझ के टीजर की शुरुआत एक वॉइस ओवर से होती है। आवाज आती है- सुहाना, आपको क्या लगता है कि आपने जो भी किया अपने वतन के लिए किया? गद्दारी, वफादारी...ये सब अल्फाज हैं सुहाना, जिनमें सिर्फ हम जैसे लोग उलझते हैं। ये नेशंस, ऑर्डर...ये रेत में खींची गई लकीरें हैं। इनकी कोई कीमत नहीं है।'

इसके बाद फिर सुहाना बनी जान्हवी को कभी छुपकर मोबाइल फोन में कुछ रिकॉर्ड करते हुए तो कभी चोरी से डॉक्यूमेंट्स खंगालते हुए दिखाया जाता है। और तभी गोली की आवाज आती है। कुछ देर की चुप्पी और फिर सुहाना यानी जान्हवी की आवाज सुनाई पड़ती है- गद्दारी की कीमत सिर्फ जान से चुकाई जा सकती है। जान्हवी कपूर ने भी अपनी इस फिल्म का टीजर इंस्टाग्राम पर शेयर किया और लिखा- झूठ, धोखे और विश्वासघात की दुनिया में एंट्री करें। 'उलझ' 5 जुलाई को सिनेमाघरों में।' 'उलझ' 5 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# प्रिंस नसीम हमीद की बायोपिक में

**लसॅस एंजिलिस।** पियर्स ब्रॉसनन जल्द ही ब्रिटिश-यमनी मुक्केबाज प्रिंस नसीम 'नाज' हमीद की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'जाइंट' में वे अमीर अल-मसरी के साथ अभिनय करते दिखेंगे। फिल्म की कहानी बॉक्सिंग चैंपियन और उनके आयरिश मूल के बॉक्सिंग ट्रेनर ब्रेंडन इंगले के इर्द गिर्द बुनी गई है। फिल्म में अल-मसरी नाज की भूमिका निभाएंगे और ब्रॉसनन इंगल के किरदार को पर्दे पर निभाते हुए दिखेंगे। इसका निर्देशन रोवन अथाले करेंगे।



# 13वें बॉयफ्रेंड के साथ कोजी होती दिखीं टेलर

**लॉस एंजिलिस।** इस साल, कोचेला 2024 में एक नई चमक दिखी। टेलर स्विफ्ट और बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्से एक साथ टहलते नजर आए। पॉप सुपरस्टार ने ब्लीचर्स की धुनों पर अपने सिग्नेचर स्टेप्स किए। टेलर को वीआईपी स्टैंड में अपने लवर केल्से के साथ देखा गया। वीडियो में लवबर्ड्स को कैलिफ़ोर्निया के इंडियो में फेस्टिवल में साथ देखा गया। उनके कई लव मोमेंट्स भी इस वीडियो में कैप्चर हुए। बहामास में छुट्टियां मना रहे टेलर और केल्से ने एक साथ समय बिताने का एक नया तरीका ढूंढ लिया है। इससे पहले कि दोनों अपने-अपने करियर में काम को फिर से शुरू करें, इस कपल को शनिवार को कोचेला में देखा गया।



# बेबी बंप के साथ कर रही शूटिंग...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण मां बनने वाली हैं। सितंबर, 2024 में उनको बेबी होने वाला है और इसके लिए वह और रणवीर सिंह, दोनों ही खूब एक्साइटेड हैं। खुश हैं। हालांकि एक्ट्रेस काम कर रही हैं। उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो कि रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' के सेट की हैं। यहां वह बेबी बंप के साथ नजर आ रही हैं। जिसको देख फैन्स का दिल बाग-बाग हो रहा है। रोहित शेट्टी की डायरेक्टेड फिल्म 'सिंघम अगेन' में दीपिका पादुकोण 'लेडी सिंघम' के रूप में नजर आएंगी। इनका एक लुक पिछले साल, 2023 में रिवील किया गया था। जिसमें ये खून से लथपथ पुलिस की वर्दी में नजर आ रही थीं। वहीं, अब वह एक बार फिर से पुलिस की वर्दी में दिखाई दे रही हैं। साथ ही रोहित शेट्टी भी मौजूद हैं। वायरल हो रही तस्वीरों में दीपिका पादुकोण का बेबी बंप दिखाई दे रहा है।



# 'सिकंदर' से जुड़ा इंडस्ट्री का बड़ा नाम...

**मुंबई।** टाइगर 3 के बाद सलमान खान जल्द ही सिंकदर नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। हाल ही में इस फिल्म की घोषणा गई थी, जिसके बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए थे। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी साउथ के मशहूर निर्देशक एआर मुर्गदास को सौंपी गई है। इस मेगा प्रोजेक्ट का निर्माण साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं। अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होने वाली इस फिल्म का प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अपने गानों से लाखों दिलों पर राज करने वाले प्रीतम चक्रवर्ती इस फिल्म में संगीत देंगे। प्रोजेक्ट के साथ उनके जुड़ने से फैंस फिल्म में शानदार संगीत की उम्मीद जता रहे हैं। इससे पहले सलमान की फिल्म टाइगर 3 में भी प्रीतम ने ही संगीत दिया था।

## टीवी मसाला




# कौन बनेगा करोड़पति 16' के साथ दमदार अंदाज में लौटे अमिताभ...

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति' के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। अमिताभ बच्चन अपने इस शो के 16वें सीजन के साथ जल्द वापसी कर रहे हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं, और मेकर्स ने नए प्रोमो के साथ अनाउंसमेंट की है। हालांकि अभी इसकी टेलिकास्ट डेट रिवील नहीं की गई है, लेकिन रजिस्ट्रेशन कबसे हैं, यह जरूर बताया गया है। अगर आप हॉटसीट पर पहुंचने का मौका गंवाना नहीं चाहते, तो तारीख नोट कर लीजिए।कौन बनेगा करोड़पति के पिछले सीजन में अमिताभ बच्चन ने यह कहकर शो खत्म किया था कि अपनों से ये कहना कि कल से हम नहीं आएंगे, ये कहने की न तो हिम्मत हो पाती है और ना ही मन होता है। यह कहते हुए वह भावुक हो गए थे और दर्शक भी रो पड़े थे। लेकिन अब उसी अंत के साथ एक नया आरंभ लेकर अमिताभ बच्चन आ गए हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति 16' सोनी टीवी पर आएगा और इसके इंस्टाग्राम अकाउंट पर नए सीजन का पहला प्रोमो शेयर किया गया है। प्रोमो की शुरुआत वहीं से होती है, जहां पर पिछला सीजन यानी 'कौन बनेगा करोड़पति 15' खत्म हुआ था।

## 'खतरों के खिलाड़ी 14' में समर्थ का नाम कंफर्म

**मुंबई।** रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 14वें सीजन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब तक कई सितारों के नाम सामने आ



चुके हैं, किसी का भी नाम कंफर्म नहीं हुआ था। लेकिन अब ये खुलासा हुआ है कि टीवी एक्ट्रस समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार इसमें हिस्सा लेंगे। दोनों को पिछली बार रिएलिटी शो 'बिग बॉस 17' में देखा गया था। पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, समर्थ का नाम 'खतरों के खिलाड़ी 14' के लिए कंफर्म हो गया है। रिपोर्ट्स बता रही हैं कि अभिषेक कुमार भी इस लिस्ट में शामिल हो गए हैं। हालांकि, अभी तक दोनों की ही तरफ से ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है। समर्थ जुरेल और अभिषेक कुमार टीवी सीरियल 'उडारिया' में साथ काम कर चुके हैं। इसी सेट पर ईशा मालवीय भी थीं। ईशा ने पहले अभिषेक को डेट किया, लेकिन बाद में रिश्ता तोड़ दिया और समर्थ को डेट करने लगीं। ईशा को लेकर अभिषेक और समर्थ की 'बिग बॉस 17' में भी खूब लड़ाई देखने को मिली थी। अब समर्थ और ईशा का भी ब्रेकअप हो गया है।



# वॉर 2 से ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर का लुक हुआ लीक

**मुंबई।** निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म 'वॉर 2' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं, जिसकी वजह है फिल्म में दो दमदार हीरो का एकसाथ होना। इस फिल्म में ऋतिक रोशन हीरो को किरदार निभाएंगे, जबकि जूनियर एनटीआर विलेन के रोल से तहलका मचाते नजर आएंगे। फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। 'वॉर 2' बनने की जब से बात शुरू हुई है, तभी से फैंस इसकी हर एक जानकारी पर अपनी नजर रखते हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ समय पहले ही शुरू हुई है। अब फिल्म से ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का लुक लीक हो गया है। जोकि सोशल मीडिया पर सनसनी मचा रहा है। फिल्म 'वॉर 2' में ऋतिक के अलावा जूनियर एनटीआर को देखकर फैंस की उत्सुकता दोगुनी हो गई है। क्योंकि फैंस ने यह कभी नहीं सोचा था कि कोई हीरो (जूनियर एनटीआर) विलेन का रोल भी निभा सकता है।

# सामंथा ने मारी घुमाकर लात



***मुंबई।** अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। इस बीच वे अलग-अलग चीजें सीखने में अपने समय का सद्उपयोग कर रही है। वे कभी योग करते दिखाई देती हैं तो कभी घुड़सवारी। अब इसी सिलसिले में, सामंथा एक नई चीज में हाथ आजमाते हुए देखी गई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वे किक बॉक्सिंग करते नजर आ रही हैं। उन्हें जोरदार किक मारते हुए देखा जा सकता है। वे इन दिनों अपने कोच से किक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ले रही हैं। मालूम हो कि वे मायोसिटिस बीमारी से जूझ रही थी। ये बीमारी मांसपेशियों पर बुरा असर डालती है। साल 2023 में उन्होंने स्वास्थ्य पर ध्यान देने का फैसला करते हुए काम से छुट्टी लेने का एलान किया था। सामंथा फिट रहने के लिए खूब मेहनत कर रही हैं।*

# शादीशुदा हैं सुखविंदर! बोले-बगैर उत्सव के भी विवाह होते हैं

**मुंबई।** बॉलीवुड हिट गानों को अपनी आवाज देने वाले अनुभवी गायक और संगीतकार सुखविंदर सिंह आज भी अपनी गायकी से लोगों की खूब तारीफें बटोरते हैं। हालांकि, गायक अब एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं, लेकिन इस बार वजह उनका कोई गाना नहीं बल्कि निजी जिंदगी है। हिंदी सिनेमा में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाले सिंगर सुखविंदर सिंह ने हमेशा अपनी निजी जिंदगी को काफी निजी रखा है। फैंस को भी अभी तक यही लगता था कि सुखविंदर सिंह अविवाहित हैं, लेकिन गायक के इस बयान ने प्रशंसकों के बीच भी काफी हलचल मचा दी है। गायक ने अपने हालिया इंटरव्यू में कहा, "जरूरी नहीं है कि जिनके बड़े जश्न नहीं होते हैं, वे शादी नहीं करते! करते हैं ना? ऐसे कई सेलिब्रिटीज हैं, जो शादी कर लेते हैं, लेकिन किसी को पता नहीं चलता क्योंकि वे नहीं चाहते कि इसकी खबर बने।



# '500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है' रामनवमी के अवसर पर भावुक हुए सितारे

**मुंबई।** आज देशभर में रामनवमी का त्योहार मनाया जा रहा है। इस तिथि को प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर देशभर में उल्लास है। श्रीराम की नगरी अयोध्या में भव्य मंदिर निर्माण के बाद यह प्रथम राम नवमी है। इसकी खुशी देखते बन रही है। इस अवसर पर बॉलीवुड सितारे भी बेहद खुश हैं। कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपनी खुशी का इजहार किया है।



***अनुपम खेर :*** अभिनेता अनुपम खेर ने लिखा है, 'आप सभी को रामनवमी की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं! प्रभु श्रीराम आप पर हमेशा अपनी कृपा दृष्टि बनाये रखें! जय श्री राम'! अभिनेता के वर्क फ्रंट की बात करें तो इन दिनों वह अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' की तैयारियों में व्यस्त हैं। इस फिल्म के जरिए वह लंबे वक्त बाद निर्देशन की दुनिया में लौट रहे हैं।



***कंगना रणौत :*** अभिनेत्री कंगना रणौत इस अवसर पर अत्यंत भावुक हो उठी हैं। उन्होंने एक वीडियो साझा किया है, जो अयोध्या राम मंदिर में रामलला मूर्ति स्थापना के वक्त की है। इसके साथ कंगना ने लिखा है, '500 वर्षों के बाद यह शुभ घड़ी आई है, जब पहली बार रामलला अपने भव्य मंदिर में रामनवमी मना रहे हैं'। कंगना फिल्मों के बाद अब राजनीति में सक्रिय हैं। वह हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा सीट चुनाव लड़ रही हैं।



***जैकी श्रॉफ :*** जैकी श्रॉफ ने भी अपने प्रशंसकों रामनवमी की बधाई दी है। उन्होंने रामलला प्राण प्रतिष्ठा के दौरान की एक वीडियो साझा की है। अभिनेता ने वीडियो के साथ लिखा है, 'सियावर रामचंद्र की जय! राम नवमी की सभी को शुभकामनाएं'। अभिनेता अजय देवगन ने भी रामनवमी के पर्व पर शुभकामनाएं दी हैं।



***दीपिका चिखलिया :*** अभिनेत्री दीपिका चिखलिया ने भी इस अवसर पर इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर फैंस को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। उनके अलावा शिल्पा शेट्टी ने भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट साझा कर बधाई दी हैं। बता दें कि आज रामनवमी पर अयोध्या में भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक हुआ है। सूर्य की किरणों से रामलला का सूर्याभिषेक किया गया। रामनवमी पर अयोध्या में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है।

# प्रशांत वर्मा ने दिखाई भक्त और भगवान के मिलन की पहली झलक

**मुंबई।** प्रशांत वर्मा ने फिल्म की एक तस्वीर को सोशल मीडिया पर शेयर किया। यह फिल्म का पहला पोस्टर है। जिसमें भगवान हनुमान और भगवान राम का हाथ दिखाई दे रहा है। ऐसा लग रहा है कि दोनों एक-दूजे से कोई वादा कर रहे हों। यह पोस्टर काफी धार्मिक और सकारात्मक उर्जा से भरा दिखाई दे रहा है। फैंस इस पोस्टर को देखकर काफी रोमांचित हो रहे हैं। फिल्म के पोस्टर काफी धार्मिक दिखाई दे रहा है। पोस्टर पर लिखा 'वजनं धर्मस्य रक्षणं' है। इसका अर्थ है, "त्रेतायुग में एक पवित्र वादा किया गया था जिसकी कलयुग में रक्षा की जाएगी।" तेजा सज्जा के फैस के लिए भी खुशखबरी है। इस फिल्म में तेजा सज्जा अहम किरदार में नजर आएंगे। साउथ अभिनेता तेजा सज्जा ने अपनी फिल्म 'हनुमान' से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अब इस फिल्म के सीक्वल की घोषणा भी की जा चुकी है। इस फिल्म के सीक्वल की खबर को लेकर फैंस बेहद खुश हैं। फिल्म 'हनुमान' ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड तोड़े थे। 'हनुमान' की सफलता के बाद तेजा सज्जा के पास कई बड़ी फिल्मों के ऑफर आ रहे हैं।



## स्वच्छता दीदियां डोर-टू-डोर पहुंचकर मतदान हेतु लोगों को कर रही जागरूक

# अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें, लोकतंत्र को बनाएं मजबूत



मतदान के लिए इस तरह किया जा रहा प्रचार प्रसार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सी.ई.ओ. संबित मिश्रा व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत नगर पालिक निगम की स्वच्छता दीदियाँ डोर-टू-डोर पहुंचकर मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह कर रही हैं, वहीं निगम द्वारा ई-रिक्शा व अन्य वाहनों के माध्यम से अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश मतदाताओं तक पहुंचाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा की अन्य तैयारियों के साथ-साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम (स्वीप) का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम निरंतर रूप से आयोजित हो रहे हैं तथा विभिन्न माध्यमों से लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

इन्ही कार्यक्रमों की कड़ी में नगर पालिक निगम कोरबा की स्वच्छता दीदियाँ डोर-टू-डोर पहुंचकर मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह कर रही हैं, वहीं निगम द्वारा ई-रिक्शा व अन्य वाहनों के माध्यम से अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश मतदाताओं तक पहुंचाया जा रहा है।

### मतदान हेतु जागरूक करने 58 दलों का गठन

कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने लोकसभा चुनाव के तहत नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्र. 21 कोरबा के ऐसे मतदान केन्द्रों में जहाँ 70 प्रतिशत से कम मतदान हुए थे, वहाँ शतप्रतिशत मतदान हेतु मतदाताओं को जागरूक करने दलों का गठन किया है, दल के सदस्य घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान करने का महत्व समझाकर उन्हें अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करने हेतु जागरूक कर रहे हैं।

### कटघोरा में दीप प्रज्वलित कर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



**कटघोरा।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा के प्रांगण में मतदाता जागरूकता स्वीप अंतर्गत जन जागरूकता हेतु दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा द्वारा दीप प्रज्वलन उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए अपने मताधिकार का शत प्रतिशत प्रयोग करने एवं मतदाता शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा सरोज कुमार महिलांगे, तहसीलदार कटघोरा भूषण मंडावी, विष्णु प्रसाद पैकरा, विनय देवांगन, महेश्वर सिंह वीके, यशपाल सिंह, आईपी कश्यप विकासखंड शिक्षा अधिकारी कटघोरा, गोपाल आदित्य, अमित केला, सीएमओ ज्ञान कुंज कुलमित्र, प्राचार्य शासकीय बालक उत्तर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा कु एस बी रिजवी एवं स्टॉफ प्राचार्य कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कटघोरा, श्रीमती एफ इक्का एवं स्टॉफ,प्राचार्य स्वामी आत्मानंद विद्यालय कटघोरा एम एस कंवर एवं स्टॉफ संकुल प्रभारी क्रमांक 1 समीम खान संकुल प्रभारी क्रमांक 2 विमल चक्रधारी एवं संकुल अंतर्गत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उक्त कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन सी के शर्मा व्याख्याता द्वारा किया गया।

### विद्यार्थियों द्वारा निर्मित की गई मानव श्रृंखला, दिया मतदाता जागरूकता का संदेश



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता एवं मतदाता सहभागिता के तहत लोकसभा निर्वाचन के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में महिला, पुरूष, युवा सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। शासकीय हाई स्कूल स्याहीमूड़ी में मतदान जागरूकता अभियान के तहत मतदान आवश्यक है, कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल की प्राचार्य डॉ. फरहाना अली के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोगो को मतदान जागरूकता का संदेश दिया गया। स्वीप प्रभारी प्रभा साव ने बताया कि विद्यार्थियों के माध्यम से उनके परिवार और आसपास के लोगों को मतदान की आवश्यकता और मतदान के अधिकार के विषय में समझाया गया।

## कृष्णानगर व पोड़ीबहार बस्तियों में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर पालिक निगम द्वारा कृष्णानगर एवं पोड़ीबहार बस्तियों में मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किया गया तथा जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। इस मौके पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई तथा चुनाव में अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का आग्रह उपस्थित मतदाताओं से किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विगत चुनावों में जिन क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहा है, उन क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में विशेष फोकस रखते हुए अभियान संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत पोड़ीबहार बस्ती एवं रविशंकर नगर जोनांतर्गत कृष्णानगर बस्ती में मतदाता रैली का आयोजन किया गया तथा रैली के माध्यम से मतदाताओं को यह संदेश दिया गया कि वे अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से उपयोग करने का संकल्प दिलाया तथा मतदाता शपथ ग्रहण कराई। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, जोन एम.एन.सरकार एवं प्रकाश चन्द्रा, तपन तिवारी, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, राजस्व अधिकारी रघुराज सिंह, राजस्व निरीक्षक अजय अग्रवाल, सहायक अभियंता अनिरूद्ध शुक्ला, गोयल सिंह विमल, अरूण कुमार बघेल, रवि, सीताराम, किरण साहू आदि के साथ काफी संख्या में मतदातागण उपस्थित थे।


मतदान की शपथ लेते हुए।

### मतदान केन्द्र का निरीक्षण

अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने पूर्व माध्यमिक शाला पोड़ीबहार स्थित मतदान केन्द्र क्र. 137 एवं 138 का निरीक्षण किया तथा वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान मतदान कक्षों की व्यवस्था, बाथरूम व शौचालय रूम, पानी की व्यवस्था, लाईट व्यवस्था, मतदाताओं हेतु छाया की व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

### महाविद्यालय में छात्राओं द्वारा किया गया दीवारों पर नारा लेखन

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा सीईओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन के मतदान हेतु विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में विगत दिवस जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत ग्राम दोंदरो में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही महिलाओं के द्वारा सामूहिक मतदान शपथ ली गई तथा गांव में मतदान जागरूकता रैली निकालकर मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत कर्रानवापारा में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करके मजबूत लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया गया।



### चित्रकला प्रतियोगिता

**कोरबा।** सीआईएसएफ द्वारा अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी में जागरूकता के सप्ताह के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडर एपी सिंह, हेड कांस्टेबल कमल सूर्यवंशी, योगेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

## महामाया मंदिर में मंगलसूत्र चोरी करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** महामाया मंदिर में भीड़ का फायदा उठाकर गले से मंगलसूत्र चोरी करने के मामले में पुलिस ने टीम महिलाओं को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिलाएं जांजगीर चांपा जिले से आकर चोरी की वारदात को अंजाम दे रही थी। बताया जा रहा है कि चांदनी चौक निवासी 26 वर्षीया श्रीमती प्रिया सोनी 16 अप्रैल को मां महामाया मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए गई हुई थी। इस दौरान महिला मंदिर दर्शन उपरान्त बाहर में रोड में प्रसाद वितरण की लाइन में लगी हुई थी। इसी बीच किसी अज्ञात महिला ने प्रिया सोनी को पीछे से धक्का दिया और भीड़ का फायदा उठाकर गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी कर दिया। इस मामले की शिकायत महिला द्वारा कोतवाली पुलिस से की गई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान टीम ने तीन संदेही महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी महिलाओं की पहचान जांजगीर चांपा जिले के अकलतरा तरु निवासी 40 वर्षीया कुमती, 40 वर्षीया प्रभा व 50 वर्षीया संजू के रूप में की गई है। महिलाओं ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि भीड़ भाड़ का फायदा उठाकर उन्होंने गले से मंगलसूत्र की चोरी की। पुलिस ने महिलाओं से चोरी का मंगलसूत्र बरामद करने के साथ ही धारा 379 व 41 (ए) सीआरपीसी के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एसआई सुनीता भारद्वाज, अखिलेश सिंह, एएसआई चंद्रप्रताप सिंह, आरक्षक शिवमंगल शामिल रहे।

### खबर संक्षेप



#### 14 अभ्यर्थियों ने किया नामांकन दाखिल

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 4 कोरबा के लिए गुरूवार को 14 अभ्यर्थियों ने जिला कार्यालय पहुंचकर नाम निर्देशन पत्र जमा किया। जिसके अंतर्गत प्रताप सिंह भानु निर्दलीय, पालन सिंह निर्दलीय, सोबरन सिंह सैमा निर्दलीय, श्रीमती रेखा तिवारी, छत्तीसगढ़ विकास गंगा राष्ट्रीय पार्टी, सुश्री प्रियंका पटेल, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया अंबेडकर, सुश्री सरोज पाण्डेय, भारतीय जनता पार्टी, श्रीमती शांति बाई मरावी निर्दलीय, केवल भारती गोस्वामी निर्दलीय, श्याम सिंह मरकाम गोंगपा, राजेश पाण्डेय निर्दलीय, दिलीप मिरी निर्दलीय, सुशील विश्वकर्मा भारतीय जनता सेक्युलर पार्टी, जयचंद्र सोनपाकर निर्दलीय एवं कमाल खान निर्दलीय शामिल हैं। नामांकन पत्र क्रय करने के क्रम में कुल 13 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र क्रय किया। जिसके अंतर्गत सुशील कुमार विश्वकर्मा भारतीय जनता सेक्यूलर पार्टी, प्रशांत डेनिएल सर्व आदि दल, शांति बाई मरावी निर्दलीय, कल्याण सिंह तंवर छत्तीसगढ़िया पार्टी, अमरीका करपे निर्दलीय, निर्दोष कुमार यादव निर्दलीय, संतोष शर्मा निर्दलीय, शेख रउफ निर्दलीय, राजन पाण्डेय निर्दलीय, शिवपूजन सिंह निर्दलीय, कौशल्या पोर्ते निर्दलीय, पुरूषोत्तम दास मानिकपुरी निर्दलीय, संतोष कुमार खुंटे अम्बेडकराई पार्टी ऑफ इंडिया ने नामांकन पत्र क्रय किया। अब तक कुल 30 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र क्रय किया है।

#### स्वास्थ्य मंत्री से की सौजन्य भेंट



**कटघोरा।** नामांकन दाखिल करने कोरबा पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के अध्यक्ष लायन अजय धनोंदिया ने सौजन्य मुलाकात की तथा लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी द्वारा संचालित डायलिसिस सेवा सेंटर के लिए डायलिसिस की मांग रखी।

### मुलाकात...



**कोरबा।** कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय के नामांकन रैली के दौरान कोरबा प्रवास पर आए क़द्दावर आदिवासी नेता छत्तीसगढ़ शासन के कृषि एवं आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम का भाजपा युवा नेता भुनेश्वर तिवारी और पूर्व बीजेपी ज़िला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मोहन सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने श्री नेताम से लोकसभा के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा कर जानकारी दी।

## कुसमुंडा एमटीके में पानी की समस्या एचएमएस ने प्रबंधन से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुण्डा परियोजना के 1 नंबर एमटीके में पीने के पानी के लिए लगाए गए नलों के खराब होने से हो रही समस्या से निजात पाने कोयला मजदूर सभा एसईसीएल कुसमुण्डा परियोजना के उपाध्यक्ष मंतोष कुमार ने परियोजना अभियंता (सिविल), कुसमुण्डा परियोजना को पत्र लिखा है।

प्रबंधन को जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि तीन नल में से दो नल बंद हो चुके हैं तथा उखड़ चुके हैं, जो बचा हुआ एक नल है उसमें भी पानी कम आ रहा है। उक्त एमटीके में पीने के पानी की कोई और व्यवस्था नहीं है। इसी नल के सहारे समस्त कर्मचारी पानी पीते हैं। नल खराब हो जाने से समस्या उत्पन्न हो रही है। जिसे देखते हुए श्रमिक नेता ने खराब नल को बदलकर नल तुरंत चालू कराने की मांग की है। भीषण गर्मी ने अपने तेवर तेज कर किया है, लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे है। ऐसे में श्रमिक वर्ग अपने काम को भीषण धूप में काम करता है, लेकिन पीने के पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण मजदूरों को काफी परेशानी हो रही है। फिलहाल संगठन ने प्रबंधन को उनके कर्तव्य के प्रति सचेत करने का प्रयास किया है। अब देखना है कि प्रबन्धन पीने के पानी की व्यवस्था को दुरुस्थ करवाता है या इसी तरह मजदूरों को पानी पीने के लिए भटकना पड़ता है।

### पेज 1 का शेष

#### कांग्रेस नहीं खोल ...

लखनलाल देवांगन, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, रेणुका सिंह,अनुज शर्मा, भैयालाल राजवाड़े, प्रणव मरपच्ची, पूर्व विधायक ननकीराम कंवर, कृष्ण बिहारी जायसवाल, अनिल केशरवानी, कन्हैया सिंह राठौर, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कटघोरा विधायक प्रेम चंद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, प्रदेश मंत्री विकास महतो, लोकसभा के सह संयोजक एवं जिला भाजपा के विशेष आमंत्रित सदस्य मनोज शर्मा, निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, चुलेश्वर राठौर जिला अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा, पप्पू राठौर, विनय चंद्राकर, यदुराज राठौर, चेतन सिंह राठौर, श्रीमती माधुरी राठौर, अभिषेक राठौर, पिंटू राठौर सहित भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

* **राजपुर।** श्री राम सेवा समिति द्वारा हिन्दू नववर्ष व रामनवमी के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। मां महामाया मंदिर प्रांगण से निकाली गई शोभा यात्रा में श्री राम, लक्ष्मण, जानकी व हनुमान के साथ ही राधा कृष्ण की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा में विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा, पूर्व विधायक सिद्धनाथ पैकरा शामिल हुए। शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया।

### शपथ पत्र

मैं कांता अग्रवाल उम्र 30 वर्ष पति प्रिंस अग्रवाल निवासी मकान क ए/11, एस.एस.ग्रीन, डी डी एम रोड कोरबा तह व जिला कोरबा छ.ग आधार कार्डक 9616 0033 0297 शपथपूर्वक निम्न लिखित कथन करता हूँ-

1. यह कि मेरी पुत्र दिशा अग्रवाल जो New Era Progressive School कोरबा जिला कोरबा में कक्षा 3rd वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत है तथा उसके स्कूली दस्तावेज में उसकी माता अर्थात मेरा घरेलु नाम कृपा अग्रवाल दर्ज हो गया है। 2. यह कि मेरा सही व दस्तावेजी नाम कांता अग्रवाल है। 3. यह कि कृपा अग्रवाल मेरा घरेलु नाम है। 4. यह कि कृपा अग्रवाल व कांता अग्रवाल दोनो नाम एक ही व्यक्ति के नाम है अर्थात मेरे स्वयं के नाम है जो कि सत्य एवं सही है। 5. यह कि मै मेरी पुत्री के स्कूल दस्तावेज में उसकी माता अर्थात मेरी मेरा सही नाम कांता अग्रवाल दर्ज करवाना चाहती हूँ। 6. यह कि उक्त के संबंध में भविष्य में कोई विवाद या परेशानी आती हैं तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगा।

यह कि यह शपथपत्र उक्त आशय के संबंध में संबंधित विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु मेरे द्वारा निष्पादित किया जा रहा है।

**शपथकर्ता**
**कांता अग्रवाल**

## अपने जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए कांग्रेस की सरकार चुनें: ज्योत्सना



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वांगीण विकास और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार चुनकर लाना होगा। भाजपा फिर से सत्ता में आई तो आदिवासियों की जमीन छीन ली जाएगी और अडाणी कोयला खोदेंगे। अदाणी-अंबानी से बचना है, अपने अधिकारों के लिए लडऩा है, जल-जंगल-जमीन की रक्षा करना है तो कांग्रेस की सरकार बनाना होगा।

उक्त बातें कोरबा लोकसभा की सांसद व प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना महंत ने पाली-तानाखार विधानसभा में जनसंपर्क के दौरान कही। गांवों में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कहा कि आज युवा पढ़-लिखकर, डिप्लोमा लेकर खाली बैठे हैं और 10 साल से केन्द्र की सरकार इन्हें नौकरी नहीं दे सकी। कांग्रेस ने तय किया है कि सरकार बनने पर डिप्लोमाधारी युवाओं को ट्रेनिंग देंगे और साल का एक लाख रुपए भी मिलेगा और ट्रेनिंग के बाद पहली पक्की नौकरी दी जाएगी। युवाओं को उद्यम से जोडऩे के लिए अकेले कोरबा जिले को 5 हजार करोड़ रुपए मिलेंगे जिससे उनके रोजगार को बढ़ाने का अवसर मिलेगा।

## सहायक शिक्षक नारंग निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ सहायक शिक्षक गौरीशंकर नारंग को निलंबित कर दिया गया है। विभाग को शिकायत मिली थी कि शिक्षक श्री नारंग द्वारा चयन सूची के दौरान और सेवा पुस्तिका अलग-अलग अंकसूची दी गई है। शिकायत के बाद जांच के दौरान चयन सूची और सेवा पुस्तिका में शामिल में अंकसूची अलग-अलग पाए जाने पर फिलहाल उन्हें निलंबित कर दिया गया है। अब विभागीय जांच के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**खास बातें**

- चयन सूची व सेवा पुस्तिका में पाई गई अलग-अलग अंकसूची
- शिकायत के बाद जांच के दौरान हुआ खुलासा

जिले के रजगामार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ सहायक शिक्षक एलबी गौरीशंकर नारंग को फर्जी अंकसूची के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त करने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निलंबित कर दिया है। उन पर विभागीय जांच करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय करतला कर दिया है। कांग्रेस नेता मनीराम जांगड़े के द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कोरबा संजय अग्रवाल से की गई शिकायत में बताया गया कि गौरीशंकर नारंग ने 12वीं की जो अंकसूची शिक्षाकर्मी भर्ती के समय प्रस्तुत किया, उसमें प्राप्तांक 450 में 246 नंबर का था, लेकिन जो अंकसूची बार में सेवा पुस्तिका में प्रस्तुत किया उसमें 450 में 354 अंक प्राप्त होना दर्शित है।

फर्जी अंकसूची के आधार पर नौकरी के मामलों में पूर्व में किए गए कार्यवाही का हवाला देते हुए गौरीशंकर नारंग भी कार्यवाही की मांग की गई थी।

**अलग-अलग पाई गई अंकसूची**

चयन के समय जो अंकसूची जमा की गई थी और सेवा पुस्तिका में जो अंकसूची दी गई थी, इसे लेकर विभाग में शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके लेकर जांच की गई तो जांच के दौरान दोनों अंक सूची अलग-अलग पाई गई है।

-टीपी उपाध्याय, डीईओ

कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप



### हरदीबाजार में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत हरदीबाजार में रामनवमी के पावन अवसर पर सर्व हिंदू समाज के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल उपस्थित रहे। जिन्हें समर्थकों व युवाओं ने अपने कंधे पर उठाकर नचाया, शोभायात्रा में झांकी, रथ, दूलदूली बाजा, कटप्पा की वेश-भूषा, बाहुबली, हनुमान, कर्मा नृत्य दल, धुमाल, डीजे के साथ भव्य शंखनाद के साथ भव्य शोभायात्रा लीलागर नदी तट पर स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण हरदीबाजार से पूजा अर्चना करके भव्य झांकी के साथ कॉलेज चौक से बस स्टैंड होते हुए बजरंग चौक संकट मोचन हनुमान मंदिर सराईसिंगार पहुंचे, जहां भव्य शोभायात्रा का समापन हनुमान मंदिर में राम लक्ष्मण सीता बने बालकों की पूजा अर्चना की गई। इस भव्य शोभायात्रा पर स्पेशल झाँकी रायपुर के द्वारा, कटप्पा उड़ीसा के द्वारा, उड़ीसा का स्पेशल दुलदुली बाजा, दुर्ग का बाहुबली हनुमान एवं महिला कर्मा नृत्य दल करतला व विशेष रथ आकर्षण का केंद्र रहा। जिसमें गांव व क्षेत्र से बड़ी संख्या में युवा, महिला,पुरुष, बच्चे व बुजुर्गों ने बढ़-चढ़ कर शोभायात्रा में शामिल होकर आनंद लिया,डांस किए। वहीं युवा समितियों के द्वारा कालेज चौक, सप्तदेव मंदिर,बजरंग बली मंदिर के पास खीर पुड़ी, खिचड़ी,हलवा प्रसाद व पानी का वितरण किया गया जिसका ग्रहण लोगों के द्वारा किया गया।

### श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल समिति ने किया शरबत केंद्र का शुभारंभ



**कोरबा।** श्री सप्तदेव मंदिर में चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या को दोपहर 12 बजे महिला मंडल समिति की सदस्याओं एंव ट्रस्ट परिवार के द्वारा जन सेवा हेतु शरबत एवं शीतल जल वितरित किये जाने के लिए श्री सप्तदेव मंदिर एवं तिरूपति ऑटो एजेंसी के पास लगाये गये लायंस क्लब पानी मशीन के सामने शर्बत केंद्र को प्रारंभ किया गया। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष महिला मंडल के द्वारा पूरे गर्मी के मौसम में प्रतिदिन राहगीरों को विभिन्न प्रकार के शरबत एवं शीतल पेय पिलाने की व्यवस्था की जाती रही है ताकि राहगीरों को इस भीषण गर्मी से राहत मिल सकें। यह कार्य महिला मंडल द्वारा विगत 30 वर्षों से किया जा रहा है जो प्रशंसनीय ही नही अपितु प्रेरणादायी भी है, चूंकि गर्मी का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहा है अतः मंदिर में इस वर्ष लोगों की आवश्यकताओं को देखते हुए पानी के साथ साथ शर्बत केंद्र भी लगाया गया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सकें। इस अवसर पर श्री सप्तदेव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी, अमरनाथ अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, भगवती प्रसाद गोयनका, अंकित गोयनका, विजय गोयनका, अखिलेश अग्रवाल, शैलेष पाण्डे, नवीन तिवारी, सोमदत द्विवेदी के साथ साथ श्री सप्तदेव मंदिर महिला मंडल की अध्यक्षा सरला मित्तल, किरण मोदी, प्रिती मोदी, शकुन्तला मोदी, बिमला अग्रवाल, अनुपमा शर्मा, ज्योति यादव सहित बडी संख्या में महिला मंडल की महिलाए उपस्थित थी।

### प्रेक्षक से आम नागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

कोरबा। लोकसभा निर्वाचन कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा के सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा (आईएएस) से आम नागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 7647045883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है।

# कुदमुरा के दो दर्जन गांव को मिली पॉवरकट व लो वोल्टेज से निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले के कुदमुरा क्षेत्र के एक दर्जन गांव को पड़ोसी जिले के रायगढ़ हाटी से विद्युत आपूर्ति की जाती थी। जिससे गर्मी के दिनों में अक्सर इस क्षेत्र के लोगों को लो वोल्टेज व पॉवर कट की समस्या झेलनी पड़ती थी। इस गर्मी क्षेत्र के बाशिंदों को लो वोल्टेज की समस्या दूर हो गई है क्योकि इस क्षेत्र के लोगों को विद्युत आपूर्ति करने के लिए करतला सब स्टेशन से जोड़ दिया गया है और अब इस क्षेत्र के लोगों को बिजली से काफी हद तक राहत मिल चुकी है।

उल्लेखनीय है कि जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र कुदमुरा, तौलीपाली, जिलगा, बरपाली, बासीन, तराईमार, कछार, सोलवा, फुलसरी सहित आसपास के आधा दर्जन गांवों को पड़ोसी जिले रायगढ़ के हाटी सब स्टेशन से पावर सप्लाई होती थी। जिसके चलते गर्मी के दिनों में इस क्षेत्र के लोगों को पावरकट व लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती थी। इस क्षेत्र की समस्या को देखते हुए विद्युत विभाग के डीई बी बी नेताम ने इस क्षेत्र के लोगों को कोरबा से विद्युत आपूर्ति करने के लिए प्रस्ताव बनाया था जिसकी स्वीकृति मिल गई थी और जिसके तहत करतला सब स्टेशन से चचिया तक लगभग 7 किलोमीटर 11 केवी की सप्लाई लाइन खींचने का काम लगभग पूरा किया गया और अब इस लाइन को चार्ज कर दिया गया है। जिसके बाद अब स्थाई रुप से करतला सब स्टेशन से ही इस क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति की जा रही है। अब कुदमुरा क्षेत्र के दो दर्जन गांव लो वोल्टेज व पॉवर कट की समस्या से निजात मिल चुका है।

## करतला सब स्टेशन से की जा रही है विद्युत आपूर्ति

**खास बातें**

- पूर्व में हाटी सब स्टेशन से होती थी सप्लाई
- 11 केवी की लाइन खींची गई है 7 किलोमीटर



**किया गया है चार्ज**

हाटी सब स्टेशन से कुदमुरा व बरपाली सहित आसपास के गांव को विद्युत आपूर्ति की जाती है। अब इस क्षेत्र के लोगों से जिले से आपूर्ति की जा रही है। करतला सब स्टेशन से चचिया तक 11 केवी की लाइन खींचने के बाद लाइन को चार्ज किया गया है इस सप्लाई से एक दर्जन गांव को लाभ मिल रहा है।

-**बी बी नेताम**, डीई, ग्रामीण कोरबा

## आधे घंटे में ही समाप्त हुआ चक्काजाम

# तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौत, चक्काजाम



दुर्घटना में मृत युवक।



हादसे के बाद आक्रोशित लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार की देर शाम ट्रेलर के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे के लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने चक्काजाम कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और चक्काजाम करने वाले लोगों को समझाइश दिया गया जहां महज आधे घंटे के बाद चक्काजाम समाप्त हो गया।

**खास बात**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के बरमपुर मोड़ पर हुआ हादसा

मामला कुसमुंडा थाना क्षेत्र के बरमपुर मोड़ पर घटित हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम लगभग 7:30 बजे बरमपुर मोड़ पर ट्रेलर के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी क्रमांक सीजी 12 एके 6775 में सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को लेकर बरमपुर में निवास करने वाले स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और दुर्घटना के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कोरबा-कुसमुंडा मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया गया। जिसकी वजह से कोरबा-कुसमुंडा मुख्य मार्ग में भारी वाहनों का रेला लग गया। चक्काजाम की सूचना पाते ही कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा सर्वमंगला चौकी प्रभारी वैभव तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे। जहां उनके द्वारा चक्काजाम कर रहे स्थानीय लोगों से बातचीत कर आधे घंटे में ही चक्काजाम को समाप्त करा दिया गया।

## हर दूसरे दिन सड़क हादसे में हो रही है मौत

जिले में भारी वाहनों की लगातार बढ़ती संख्या और भारी वाहन के चालकों की लापरवाही जिससे उनके वाहनों की स्पीड पर कंट्रोल ही नहीं होती है। जिसके चलते लगातार शहर व ग्रामीण तथा आउटर क्षेत्र में किसी न किसी इलाके में हर दूसरे दिन सड़क हादसे में लोगों की मौत हो रही है। चार दिन पहले ही बालको थाना क्षेत्र में दो अलग अलग सड़क हादसे में कुल चार लोगों की मौत हो गई थी और चक्काजाम भी हुआ था। इस घटना को लोग भूल भी नहीं पाए थे कि अब फिर से कुसमुंडा थाना क्षेत्र में दुर्घटना सामने आयी है।

# पारा 42 डिग्री के पार, दोपहर होते ही सड़क पर छा जाता है सन्नाटा



चिलचिलाती धूप से बचने के लिए स्कार्फ का सहारा लेती युवतियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अप्रैल के महीने में ही तापमान 42 डिग्री के पार जा पहुंचा है। लगातार बढ़ते तापमान की वजह से धूप इतनी तेज हो गई है कि लोग अपने घरों में रहना ठीक समझ रहे हैं जो लोग बाहर निकल रहे हैं उनकी मजबूरी है या फिर किसी काम से ही लोग बाहर निकल रहे हैं तथा दोपहर के समय लोग घर में ही रहना उचित समझ रहे हैं। अप्रैल की शुरुआती दिनों में लगातार बारिश व बादलों की आंखमिचौली जारी रही थी लेकिन अब 15 अप्रैल के बाद लगातार धूप अपना विकराल रूप दिखाने लगा है और तापमान लगभग 42 डिग्री के पार जा पहुंचा है। ऐसे में सूर्य के विकराल रूप की वजह से सुबह 7 बजते ही धूप इतनी चुभने लगी है कि लोग सुबह-सुबह ही काम निपटाना उचित समझ रहे हैं। दोपहर 12 बजते ही सड़कों पर सन्नाटा नजर आ रहा है। ज्यादातर सड़के वीरान रहती है। दोपहर लगभग 12 से शाम 6 बजे तक सड़कों का नजारा कुछ ऐसा ही रहता है। इक्का-दुक्का जिन लोगों को काम है वही पूरी सुरक्षा के साथ सड़कों पर नजर आ रहे हैं। खासतौर पर इस तपती धूप से बचने के लिए लोग गमछा, स्कार्फ का सहारा ले रहे हैं और सड़क पर नजर आ रहे हैं। बढ़ते तापमान से लोग डिहाइड्रेशन के शिकार भी हो रहे हैं। हालांकि अभी तो अप्रैल का ही महीना है आने वाले दिनों में मई और जून के महीने में और भी अधिक तापमान की मार झेलनी पड़ेगी।

**खास बात**

- धूप से बचने के लिए लोग स्कार्फ व पेय पदार्थों का ले रहा सहारा

## पेय पदार्थ की बढ़ी बिक्री

तपती धूप से राहत पाने के लिए शहर के अलग-अलग चौक चौराहों में गन्ना रस, नींबू रस, आम पना, बेल शरबत सहित अन्य पेय पदार्थ की दुकानों की बाढ़ सी आ गई है और इस तपती धूप में जो लोग बाहर निकल रहे हैं अपने गले को तर करने के लिए ऐसे ही पेय पदार्थ का सहारा ले रहे हैं। खासतौर पर गन्ने रस की बिक्री सबसे ज्यादा है और शहर के अलग-अलग चौक चौराहों में इसकी बिक्री बढ़ने की वजह से इसकी दुकान में बेतहाशा वृद्धि हो रही है वहीं दूसरी ओर लस्सी, जूस जैसे पेय पदार्थ की बिक्री लगातार बढ़ती जा रही है।

# न्यायिक आवासीय कॉलोनी राज्य के लिए बने मिसाल: चीफ जस्टिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यक्रम में उपस्थित न्यायाधीश व अधिवक्ता।

किसी भी जिले में न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिये सर्वसुविधायुक्त रहवासी कॉलोनी उत्साहवर्धक एवं नयी उर्जा का संचार करने वाली होती है, जिससे उनके कार्यकुशलता में और दक्षता में वृद्धि होती है, जिले के नये कॉलोनी ऐसा बने जो राज्य के लिये एक मिसाल साबित हो, उक्त बातें छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति श्री रमेश सिन्हा के द्वारा न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण के लिये आवासीय कॉलोनी के वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास के अवसर पर कही।

**खास बात**

- श्री सिन्हा ने न्यायिक आवासीय कालोनी रामपुर में निर्माण कार्य का किया वर्चुअल भूमिपूजन एवं शिलान्यास

चीफ जस्टिस श्री सिन्हा ने आवास गृह निर्माण के लिए शुभकामनाएं दी और कहा कि न्यायालयों को बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए काम किया जा रहा है और इसके लिए पहल भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें राज्य के न्यायालयों में काम करने का बेहतर माहौल प्रदान करना है। यह परियोजना न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिए आवास प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है ताकि आवास प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की कठिनाइयों का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों और इंजीनियरों को इस परियोजना को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा पर पूरा करने के निर्देश दिए। श्री सिन्हा ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए न्यायालयीन अधिकारियों को भी इस परियोजना की सतत निगरानी रखने के लिए भी कहा। भूमिपूजन एवं आधारशिला के कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं पोर्टफालियो जज श्री गौतम भादुड़ी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि आवास मनुष्य की मूलभूत आवश्यकता है, चीफ जस्टिस साहब के द्वारा सभी जिलों के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जिला न्यायालयों में आवास की कमी है।

न्यायिक अधिकारी एवं कर्मचारी को सर्वसुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराये जाने पर उनके कार्य में कुशलता होगी वे किसी मानसिक दवाब के अच्छे से अच्छा कार्य तत्परता से करेंगे। गौरतलब है कि न्यायिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिये न्यायिक आवासीय परिसर रामपुर कोरबा में आवासीय परिसर का निमार्ण एवं कटघोरा में आवासीय कॉलोनी का निर्माण किया गया है। जिसका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रमेश सिन्हा एवं न्यायाधिपति श्री गौतम भादुड़ी, पोर्टफोलियो जज कोरबा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर आधारशिला रखी गई।

## जिले में बनाए गए सात सहायक मतदान केन्द्र

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को मतदान में सहूलियत प्रदान करने हेतु जिले में कुल 7 सहायक मतदान केंद्र का निर्माण किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत ने जिले के ऐसे मतदान केंद्र जिनमें मतदाताओं की संख्या 1500 से अधिक हैं, इन मतदान केंद्रों में सहायक मतदान केंद्र बनाने का प्रस्ताव आयोग को भेजा था। आयोग से प्राप्त अनुमोदन उपरांत जिले में कुल 7 सहायक मतदान केंद्र बनाया गया है। जिसके अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 21 कोरबा में 6 सहायक मतदान केंद्र का गठन किया गया है। कोरबा के लाटा में मतदान केंद्र क्रमांक 36 'क', पोड़ीबहार में मतदान केंद्र क्रमांक 137 'क', एसईसीएल में मतदान केंद्र क्रमांक 168 'क' मुड़ापार में मतदान केंद्र क्रमांक 225 'क', खरमोरा में मतदान केंद्र क्रमांक 234 'क', दादरखुर्द में मतदान केंद्र क्रमांक 238 'क' एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 22 कटघोरा में 1 सहायक मतदान केंद्र हरदीबाजार में मतदान केंद्र क्रमांक 190 'क' में बनाया गया है।




# किराना दुकान में लगी आग, लाखों का माल जल कर स्वाहा, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आग से जलकर स्वाहा हुआ सामान।

बुधवार की देर रात एक किराना दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और दुकान में रखे लाखों रुपए कीमती सामान जलकर खाक हो गए। इस आगजनी की घटना से दुकान संचालक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**खास बात**

- बांगो थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सासिन का मामला

मामला बांगो थाना क्षेत्र के ग्राम सासिन की है। यहां निवासरत इतिश सिंह 28 वर्ष पिता अहिबरन सिंह द्वारा गांव में ही किराना दुकान का संचालन किया जाता है। बताया जाता है कि रात लगभग 8 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया था रात लगभग 9 बजे उसे किसी ने सूचना दी कि उसके दुकान में आग लग गई है। जिसके उपरांत इतिश सिंह ने तत्काल डायल 112 को फोन लगाकर इसकी सूचना दी और वह तत्काल मौके पर पहुंचा। जब तक आग को काबू किया जाता आग ने विकराल रूप ले लिया था और दुकान में रखे अलमारी, पंखा, फ्रीज सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गए थे। इसी तरह घंटों मसक्कत के बाद आग को काबू किया गया। तब तक दुकान में रखे लाखों का माल पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। पुलिस के मुताबिक इस आगजनी से दुकान संचालक को लगभग 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामले में आगजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




